पंचदश बिहार विधान सभा

षोडश सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनायें बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-25.03.2015 के लिए अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्री अम्बिका सिंह, स०वि०स० श्री श्रीनारायण यादव, स०वि०स० श्री भाई वीरेन्द्र, स०वि०स० डा० रामानंद यादव, स०वि०स०	"कैमूर जिला के नुआँव प्रखंड के अन्तर्गत अखिनी गाँव में दिनांक-13.03.15 को भीषण आग लग गयी, जिसमें 26 से अधिक परिवार के लोग बर्बाद हो गए । यह गाँव दलित एवं पिछड़ा बाहुल्य है और आगलगी के शिकार सारा परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है । इनकी सारी सम्पत्तियाँ जल जाने के कारण ये आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं । अतएव उक्त पीड़ित परिवारों को विशेष सहायता राशि उपलब्ध कराने एवं इन्दिरा आवास योजना के तहत शीघ्र गृह निर्माण कराने हेतु हम सरकार का ध्यानाकृष्ट करते हैं ।"	आपदा प्रबंधन

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
2.	श्री प्रेम कुमार, स०वि०स० श्री विनोद नारायण झा, स०वि०स० श्री राम नारायण मंडल, स०वि०स० श्री रामदेव महतो, स०वि०स०	"राज्य के किसानों का धान क्रय करने में अधिप्राप्ति के लक्ष्य का आधा धान भी नहीं खरीदा गया है । गया, रोहतास, औरंगाबाद, नालन्दा, पटना सहित राज्य के सभी जिलों में जो धान क्रय किये गये हैं उसका समय पर भुगतान नहीं हो पा रहा है । वजन से अधिक धान लिया जा रहा है, बोनस की राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है, धान क्रय में किसानों की उपेक्षा हो रही है, किसान धान जलाने को मजबूर हैं । अतः राज्य के किसानों का धान अविलंब खरीदने एवं बकाये राशि का भुगतान करने हेतु हम सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।"	सहकारिता / खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-10/15- 543 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 मार्च, 2015 ई० ।

प्रति :- बिहार विधान सभा के सदस्यगण / मुख्य मंत्री / मंत्रिगण / मुख्य सचिव, बिहार एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव / लोकायुक्त के आप्त सचिव / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना / संसदीय कार्य विभाग / आपदा प्रबंधन विभाग / सहकारिता विभाग एवं खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

24/3/15

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-10/15- 543 / वि०स०, पटना, दिनांक- 24 मार्च, 2015 ई० ।

प्रति :- उप सचिव, अध्यक्षीय कार्यालय / अपर आप्त सचिव, उपाध्यक्षीय कार्यालय / अवर सचिव, सचिवीय कार्यालय को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

24/3/15

(भूषण कुमार झा)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।